# भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय : स्कोप कॉम्पलेक्स, कोर '8', 7 लोदी रोड, नई दिल्ली – 110 003
टेलीफैक्स +91 11 24360249, वेब : www.theashokgroup.com
CIN L74899DL1965GOI004363

## शेयरधारकों को सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 53वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 28 सितंबर, 2018 को 11.00 बजे सम्मेलन हॉल, अशोक होटल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली -110021 में होगी (सम्राट होटल से प्रवेश, अशोक-सम्राट को जोड़ने वाले द्वार के माध्यम से)। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसरण में कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण खाते सोमवार, 24 सितंबर, 2018 से शुक्रवार, 28 सितंबर, 2018 तक (दोनों दिन शामिल हैं) वार्षिक आम बैठक तथा लाभांश के भुगतान के लिए बंद रहेंगे।

वार्षिक आम बैठक की सूचना, 31 अगस्त/1 सितंबर, 2018 को वार्षिक रिपोर्ट 2017-18 और ई–वोटिंग अनुदेशों सहित उपस्थिति–पर्ची सदस्यों को कंपनी/रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी), जैसा भी मामला हो, के पास पंजीकृत डाक पते पर या ई-मेल पते पर भेज दिए गए हैं। उपर्युक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट : www.theashokgroup.com, आरटीए की वेबसाइट : https://evoting.karvy.com पर भी उपलब्ध हैं और व्यवसाय घंटों के दौरान निरीक्षण के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी उपलब्ध हैं। इसकी हार्ड कापी प्राप्त करने के इच्छुक सदस्य हमें लिख सकते हैं अथवा vkjain@itdc.co.in को ई-मेल कर सकते हैं तथा इसे उनके पंजीकृत पते पर भेज दिया जाएगा।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन बनाए गए नियमों के साथ पठित धारा 108 के उपबंधों एवं सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, कंपनी सदस्यों को यह सुविधा प्रदान कर रही है कि वे आरटीए, मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लि. द्वारा प्रदत्त ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से सभी संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक साधनों से वार्षिक आम बैठक में वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 के उपबंधों एवं उनके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसरण में विवरण निम्न प्रकार हैं :

1. रिमोट ई-वोटिंग के लिए सदस्यों की पात्रता की अंतिम तारीख 21 सितंबर, 2018 है। केवल वह व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में रिकॉर्ड है अथवा अंतिम तारीख को डिपॉजिटरी द्वारा डाउनलोड किए गए डाटा में हितलाभ प्राप्त करने वाले मालिक के रूप में शामिल है, रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने के हकदार होंगे। कोई भी व्यक्ति, जो सूचना भेजे जाने के पश्चात सदस्य बना हो एवं उसने शेयर अर्जित किए हों और अंतिम तारीख को उसके पास शेयर हों तो वह यूजर आईडी प्राप्त कर सकता है, इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड जारी करने के लिए कंपनी/आरटीए से संपर्क कर सकता है।

   **क** यदि सदस्य का मोबाइल नंबर फोलियो नं./डीपी आईडी ग्राहक आईडी में पंजीकृत है, तो सदस्य 9212993399 पर MYEPWD <space> Event number+Folio No. अथवा DP ID Client ID पर एसएमएस भेज सकता है।

   **ख** यदि सदस्य का ई–मेल या मोबाइल नंबर फोलियो नं./डीपी आईडी ग्राहक आईडी में पंजीकृत है, तो सदस्य https://evoting.karvy.com के होम पेज पर "फॉरगॉट पासवर्ड" पर क्लिक करे और पासवर्ड बनाने के लिए फोलियो नं. या डीपी आईडी ग्राहक आईडी और पैन डाले।

   **ग** सदस्य कार्वी के टोल फ्री नंबर 1-800-3454-001 पर कॉल कर सकते हैं।

   **घ** सदस्य evoting@karvy.com पर ई–मेल अनुरोध भेज सकते हैं।

यदि सदस्य एजेंसी में पहले से ही पंजीकृत है, तो वर्तमान यूजर आईडी और पासवर्ड का मतदान के लिए उपयोग कर सकता है।

रिमोट ई-वोटिंग अवधि मंगलवार, 25 सितंबर, 2018 (पूर्वाह्न 9.00 बजे आईएसटी) से आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 27 सितंबर, 2018 (अपराह्न 5.00 बजे आईएसटी) को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, अंतिम तारीख को प्रत्यक्ष या डिमेटिरियलाइज्ड फॉर्म में कंपनी के शेयर रखने वाले सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकते हैं। 27 सितंबर, 2018 को अपराह्न 5.00 बजे आईएसटी के बाद ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो एजीएम में भाग लेंगे और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से पहले से मतदान नहीं किया हुआ होगा।

रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने अधिकार का प्रयोग करने वाले सदस्य भी एजीएम में भाग ले सकते हैं परंतु उन्हें एजीएम में पुनः मतदान की अनुमति नही होगी। तथापि, यदि किसी सदस्य ने अपना मतदान इलेक्ट्रॉनिक के साथ-साथ मतपत्र के माध्यम से भी किया है, तो उसका रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान ही मान्य होगा।

मतदान के परिणाम यथानिर्धारित संगत नियमों के अधीन घोषित किए जाएंगे और कंपनी की वेबसाइट पर भी डाल दिए जाएंगे। कंपनी ने इस उद्देश्य के लिए मैसर्स पी सी जैन एंड कंपनी, (एफसीएस 4103) प्रैक्टिसिंग सेक्रेटरीज़ को मतपत्र-निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रक्रिया तथा तरीके के संबंध में किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य शेयरधारकों के लिए "बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न" (एफएक्यू) तथा शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग प्रयोगकर्त्ता मैनुअल देखें, जोकि https://evoting.karvy.com पर डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है अथवा वैकल्पिक रूप से किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए evoting@karvy.com से अथवा श्री रवूरी विजय, उप प्रबंधक, ई-मेल einward.ris@karvy.com, टेलीफोन नं. : 91 40 67161522 या 1800 345 4001 (टोल फ्री) से संपर्क कर सकते हैं।

लेखाओं अथवा कार्यसूची में रखी गई किसी अन्य मद पर सदस्यों के यदि कोई प्रश्न हैं तो उनसे अनुरोध है कि अपने प्रश्न कम से कम 10 दिन पहले कंपनी को उसके रजिस्टर्ड कार्यालय पते पर भेज दिए जाएं ताकि कंपनी संगत सूचना एकत्र कर सके और बैठक के लिए सूचना तैयार रख सके।

## बेदावा लाभांश

लागू सांविधिक उपबंधों के अनुसार, कंपनी वित्त वर्ष 2011-12 के लिए अप्रदत्त/बेदावा लाभांश निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में 7 नवंबर, 2019 तक अंतरित कर देगी। सदस्य, जिन्होंने वित्त वर्ष 2011-12 के लिए और उसके बाद लाभांश के संबंध में अपनी लाभांश राशि (राशियों) का नकदीकरण नहीं करवाया है, को कंपनी के पंजीकृत पते पर कंपनी सचिव को लिखने की सलाह दी जाती है।

निदेशक बोर्ड के आदेश से
कृते भारत पर्यटन विकास निगम लि.
**वी. के. जैन**
**कंपनी सचिव**

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 06.09.2018

**आपकी सभी यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य आवश्यकताओं के लिए एक स्थान पर समस्त समाधान**

# INDIA TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(A Government of India Undertaking)

Regd. Office : Scope Complex, Core'8', 7 Lodhi Road, New Delhi – 110 003
Telefax +91 11 24360249, Web : www.theashokgroup.com
CIN L74899DL1965GOI004363

## NOTICE TO SHAREHOLDERS

Notice is hereby given that 53rd Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Friday, the 28th September, 2018 at 1100 hours at Conventional Hall in Ashok Hotel, Chanakyapuri, New Delhi- 110 021 (Entry from Samrat Hotel through Ashok-Samrat connecting door). Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Monday, the 24th September, 2018 to Friday, the 28th September, 2018( both days inclusive) for the purpose of AGM and payment of dividend.

The Notice together with Annual Report 2017-18 and the Attendance Slip along with E-voting Instructions have been sent on 31st August/1st September, 2018 to the Members at their postal address or e-mailed at e-mail addresses, registered with the Company/Registrar & Transfer Agent (RTA) /Depository Participant (DP), as the case may be. The aforesaid documents are also available on Company's website : www.theashokgroup.com, RTA's website : https://evoting.karvy.com and are also available at the Registered office of the Company for inspection during business hours. Members, desiring hard copies of the same, may write to us or email to vkjain@itdc.co.in and the same shall be sent to their registered address.

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, read with the rules made there under and Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is offering the facility to the Members to exercise their right to vote at the AGM by electronic means on all the resolutions through e-voting services provided by M/s Karvy Computershare Private Limited, the RTA.

The details pursuant to provisions of the Companies Act, 2013 and the rules thereof are as under :

1. Cut off date for eligibility of Members to Remote E-voting is 21st September, 2018. A person whose name is recorded in the Register of Members or as beneficial owners in the data downloaded by the Depositories as on the cut off date only shall be entitled to avail the facility of remote E-voting. Any person who acquires shares and becomes Member after dispatch of Notice and holds shares as on the cut-off date may obtain the user ID by approaching the Company/RTA for issuance of the User ID and Password for exercising their right to vote by electronic means.
   a. If the mobile number of the member is registered against Folio No. / DP ID Client ID, the member may send SMS : MYEPWD <space> Event number+Folio No. or DP ID Client ID to 9212993399
   b. If e-mail or mobile number of the member is registered against Folio No. / DP ID Client ID, then on the home page of https://evoting.karvy.com, the member may click "forgot password" and enter Folio No. or DP ID Client ID and PAN to generate a password.
   c. Member may call Karvy's toll free number 1-800-3454-001
   d. Member may send an e-mail request to evoting@karvy.com

If the Member is already registered with the Agency, then the existing User ID and password can be used for casting the vote.

Remote e-voting period will commence on Tuesday, 25th September, 2018 (9.00 a.m. IST) and ends on Thursday, the 27th September, 2018 (5.00 p.m. IST). During this period, members of the company holding shares in physical or dematerialized form, as on the cut off date may cast their vote electronically. E-voting shall not be allowed beyond 5.00 p.m. IST on 27th September, 2018.

Voting through ballot paper shall also be made available to those Members who attend the AGM and have not already cast their vote through remote E-voting.

Members may participate in the AGM even after exercising their right to vote through remote E-voting but shall not be allowed to vote again at the AGM. However, in case a Member, who has cast his vote electronically as well as through the ballot paper, the vote cast through remote E-voting shall only be considered.

The results of voting will be declared as stipulated under the relevant Rules and will also be posted on the Company's website. Company has appointed M/s P.C. Jain & Co., (FCS 4103) Practising Company Secretaries, as the Scrutinizer for this purpose.

In case of any queries regarding the process and manner of electronic voting, Members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for shareholders and e-voting user manual for shareholders available at the Downloads section of https://evoting.karvy.com or alternatively may contact evoting@karvy.com for any queries or grievances connected with e-voting or may contact Mr. Ravuri Vijay, Deputy Manager Email :einward.ris@karvy.com, Telephone No. +91 40 67161522 or 1800 345 4001 ( Toll Free).

Members having any questions on accounts or any other item set out in the Agenda are requested to send their queries at least 10 days in advance to the Company at its registered office address to enable the Company to collect the relevant information and to keep the information ready at the meeting.

## UNCLAIMED DIVIDEND

As per applicable statutory provisions, the Company will be transferring the unpaid/unclaimed dividend for the FY 2011-12 to IEPF on 7th November, 2019, Members who have not encashed their dividend amount(s) in respect of dividend for the year FY 2011-12 and thereafter are advised to write to Company Secretary at the registered address of the company.

By order of the Board
For India Tourism Development Corporation Limited

Place : New Delhi
Date : 06.09.2018

**V. K. JAIN**
COMPANY SECRETARY

**One Stop solution for all your Travel, Tourism and Hospitality needs**